**बरेली पुलिस**

**प्रेसनोट दिनांक 21.06.2026**

**थाना बहेड़ी जनपद बरेली।**

**दिनांक 18.06.2026 को चुरेली नहर पुलिया के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा महिलाओं से कुंडल आदि की डकैती की घटना का बहेड़ी पुलिस टीम द्वारा सफल अनावरण।**

**पुलिस मुठभेड़ में 04 बदमाशों को किया गिरफ्तार, 02 बदमाश पैरों में गोली लगने से घायल।**

**कब्जे से घटना से सम्बन्धित 01 जोड़ी कानों के टॉप्स, 03 अवैध असलाह व कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 बाइकें बरामद।**

**घटना संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 18.06.2026 को चन्द्रपाल पुत्र सेवाराम निवासी कनमन थाना देवरनियां जनपद बरेली द्वारा सूचना दी गई कि वह मुड़िया नवी बक्श में अपनी ससुराल से दावत खाकर बाइक से अपनी पत्नी व सलहज के साथ वापस आ रहे थे। चुरैली नहर की पुलिया पर पहुंचने पर 02 बाइक पर सवार कुछ बदमाश आये और उनकी पत्नी व सलहज के कुंडल आदि छीनकर भाग गये। वादी की सूचना पर FIR 473/26 U/S 304(2) BNS पंजीकृत की गयी। घटना के अनावरण हेतु सर्विलांस, SOG व थाना बहेड़ी की संयुक्त टीमें गठित की गईं। CCTV फुटेज व साक्ष्य के आधार पर उक्त घटना 06 बदमाशों द्वारा कारित किया जाना प्रमाणित हुआ। जिसके आधार पर अभियोग को 310(2) BNS तरमीम किया गया।



**सूचना, पुलिस टीम, कार्यवाही-**

दिनांक 20/21.06.26 की रात्रि उ0नि0 मोहित मावी मय पुलिस फोर्स के पचपेडा चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुडिया नवी बक्श की ओर से 02 बाइक पर सवार 06 व्यक्ति (01-01 बाइक पर 03 व्यक्ति) पचपेड़ा की ओर आते दिखायी दिए। पुलिस टीम की चैकिंग देखकर दोनों बाइके पीछे मुड़कर मुडिया नवी बक्श की ओर भागे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा अपने वाहनों से बाइकों का पीछा किया गया तथा आगे गश्त कर रहे प्र0नि0 बहेड़ी को सूचित किया गया। प्र0नि0 बहेड़ी मय फोर्स के नवी बक्श की ओर से आये। प्र0नि0 की गाड़ी आगे से आता देख बदमाशों ने दोनों बाइकों को ग्राम लभेदी की ओर मोड़ा। बाइक की तेज स्पीड होने के कारण दोनों बाइकें गिर गयी। बाइक गिरने से 02 बदमाश बाइक में ही फंस कर चोटिल होकर गए तथा 04 अन्य बदमाश खाली खेत व बागों की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो इनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गये। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम 1. विकास पुत्र विलेन्द्र उर्फ बनवारी लाल निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज जनपद बरेली (दाहिने पैर में गोली लगने से घायल), 2. सौरभ पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज जनपद बरेली (बायें पैर में गोली लगने से घायल), 3. ललित पुत्र पोशाकी लाल निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज जनपद बरेली तथा 4. सचिन पुत्र लेखराज निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज बरेली बताये। इनके 02 अन्य साथी मौके से फरार हो गये हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर, FIR 473/26 से सम्बन्धित 01 जोड़ी कानों के टॉप्स (पीली धातु) तथा घटना में प्रयुक्त 02 बाइकें बरामद हुई है।

घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना बहेड़ी पर FIR 477/26 U/S 109(1)/3(5) BNS, 3/25/27 Arms Act. पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गयी।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-</u>**

**1. विकास पुत्र विलेन्द्र उर्फ बनवारी लाल नि0 ग्राम पडरी थाना नवाबगंज बरेली (पैर में गोली लगने से घायल)।**

1. मु0अ0सं0 0477/2026 धारा 109(1),3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना बहेड़ी बरेली।
2. मु0अ0सं0 473/2026 धारा 310(2)/ 317(3) BNS थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

**2. सौरभ पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज बरेली (पैर में गोली लगने से घायल) ।**

1. मु0अ0सं0 0477/2026 अन्तर्गत धारा 109(1),3(5) BNS व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना बहेड़ी बरेली।
2. मु0अ0सं0 473/2026 अन्तर्गत धारा 310(2)/ 317(3) BNS थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

**3. ललित पुत्र पोशाकी लाल निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज बरेली (बाइक गिरने से चोटिल) ।**

1. मु0अ0सं0 0477/2026 अन्तर्गत धारा 109(1),3(5) BNS व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना बहेड़ी बरेली।
2. मु0अ0सं0 473/2026 अन्तर्गत धारा 310(2)/ 317(3) BNS थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

**4. सचिन पुत्र लेखराज निवासी ग्राम पडरी थाना नवाबगंज बरेली (बाइक गिरने से चोटिल)।**

1. मु0अ0सं0 0477/2026 अन्तर्गत धारा 109(1),3(5) BNS व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना बहेड़ी बरेली।
2. मु0अ0सं0 473/2026 अन्तर्गत धारा 310(2)/ 317(3) BNS थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

**<u>बरामदगी -</u>**

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
4. 01 अवैध तमंचा 12 बोर
5. 01 खोखा कारतूस
6. एक जोड़ी कानो के टॉप्स
7. 02 मोटरसाइकिल प्लेटिना व टीवीएस स्पोर्ट्स (रजि0 नं0 UP25DD2207 व UP25AH0995 )

**<u>पुलिस टीम -</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री दिनेश कुमार शर्मा थाना बहेड़ी जिला बरेली।
2. उ0नि0 श्री मोहित मावी थाना बहेड़ी जिला बरेली।
3. हे0का0 379 यशपाल सिंह थाना बहेड़ी जिला बरेली।
4. हे0का0 973 विनोद कुमार थाना बहेड़ी जिला बरेली।
5. का0 3781 अर्जुन कुमार थाना बहेड़ी जिला बरेली।
6. का0 चालक 3386 संदीप कुमार, थाना बहेड़ी जिला बरेली।
7. का0 1233 शिवांशु राठी थाना बहेड़ी जिला बरेली।
8. का0 2862 विकास कुमार थाना बहेड़ी जिला बरेली।
9. का0 3890 गौरव कुमार थाना बहेड़ी जिला बरेली।